तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 29 अक्टूबर 2025

4 तेलीकोट से शराब बंदी अभियान का आगाज, इसके खिलाफ पूरा गांव





## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबकर युवक की मौत

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत तालाब में नहाने के लिए एक युवक पानी में छलांग तो लगाया, लेकिन बाहर ही नहीं और पानी में डूब कर उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। नया रामपुर निवासी पंचराम यादव 40 वर्ष दोपहर 12 बजे रोजाना की भांति गांव में स्थित पर्री तालाब नहाने गया था। जहां तालाब में छलांग लगाने के बाद वह वापस बाहर नहीं आया। जिससे मौके पर मौजूद लोगों को शंका हुई तो उन्होंने भी तालाब में छलांग लगा कर पंचराम को किसी तरह बहर निकाला और आनन-फानन में उसे घरघोड़ा सिविल अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। यहां स्थिति में सुधार नहीं होने पर उसे तत्काल रायगढ़ रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने प्राथमिक जांच के दौरान ही उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

### उर्दना में अग्निवीर प्रशिक्षण शिविर शुरू

**रायगढ़।** शासन की महत्वाकांक्षी अग्निवीर योजना के तहत लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए जिले में वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन पर जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस द्वारा विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन उर्दना पुलिस लाइन में किया जा रहा है। मंगलवार को एसपी दिव्यांग पटेल ने शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने रायगढ़ सहित जिले के विभिन्न तहसीलों से आए अभ्यर्थियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि पिछले साल 50 से अधिक अभ्यर्थियों ने शिविर में भाग लिया था जिसमें 15 अभ्यर्थियों का सलेक्शन हुआ, इस बार और अधिक अभ्यर्थियों का सलेक्शन हो इसके लिए अपनी शुभकामनाएं दी। अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए एसपी दिव्यांग पटेल ने कहा कि सेना में चयन होना किसी भी युवक के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह न केवल देशसेवा का अवसर है बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक भी है। उन्होंने उपस्थित युवाओं से कहा कि वे इस प्रशिक्षण शिविर का भरपूर लाभ लें, क्योंकि यह न केवल अग्निवीर योजना है बल्कि अन्य भर्ती परीक्षाओं की तैयारी में भी उन्हें सक्षम बनाएगा।

### सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ




**रायगढ़।** अदाणी फाउंडेशन की ओर से गारे पेलमा तीन खनन परियोजना के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंजेमुरा स्थित सिदारपारा सामुदायिक भवन में अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर के माध्यम से निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। यह पहल महिलाओं और किशोरियों को आत्मनिर्भर बनाने और आजीविका के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से आसपास के क्षेत्र की कुल 60 महिलाएं और किशोरियां सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों को बैग और सिलाई किट प्रदान किए गए। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को सिलाई कौशल में दक्ष बनाना है ताकि वे आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बन सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य श्रीमती यज्ञसेनी उमेश सिदार एवं ग्राम पंचायत कुंजेमुरा की सरपंच श्रीमती संजुक्ता ललित खेश ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उमेश सिंह सिदार, उप सरपंच दिनेश्वर निषाद, श्रीमती रत्ना निषाद, श्रीमती सुमन निषाद, श्रीमती सरला सिदार, जय सिंह सिदार सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## चार सूत्रीय मांगों को लेकर समिति प्रबंधकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

# धान खरीदी से पहले प्रबंधकों का अल्टीमेटम, करेंगे बहिष्कार

**सीएम के आश्वासन के बाद नहीं हुई मांगे पूरी, अब खरीदी के बहिष्कार का अल्टीमेटम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





जिले के 69 समिति प्रबंधकों ने धान खरीदी से पहले बहिष्कार की चेतावनी दे दी है। इसके लिए मंगलवार को चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भी सौंपा है। मांगे पूरी नहीं होने की स्थिति में आंदोलन और खरीदी बहिष्कार करने का अल्टीमेटम दे दिया है। खास बात यह है कि पूर्व में जब आंदोलन किया गया था तो सीएम ने मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक पूरी नहीं हुई है। ऐसे में समिति प्रबंधक एक बार फिर से आंदोलन की राह में चल रहे हैं।

समिति प्रबंधकों की चार मांगे हैं। इसमें सुखत की राशि, प्रासंगिक व्यय में बढोत्तरी, नियमितिकरण और कंम्प्यूटर ऑपरेटरों की आउटसोर्सिंग बंद करने की मांग शामिल है। इन मांगों को लेकर मंगलवार को ज्ञापन सौंपा गया है। याने खरीदी से पहले खरीदी को लेकर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। इस बार धान खरीदी काफी पेचीदा होने वाली है। पहले तो सैकड़ों किसानों का गिरदावरी में कई खसरों में धान के बजाए अन्य फसल नजर आ रहा है। इसकी सुधार नहीं हुई तो किसान भी बवाल मचाएंगे। दूसरी ओर अब समिति प्रबंधकों ने भी आंदोलन की राह पकड़ ली है। यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो दिक्कत हो सकती है। कुल मिलाकर इस बार धान खरीदी संकट में फंस सकता है। 3 से 11 नवंबर तक संभाग स्तरीय अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे। इसके बाद 12 नवंबर से मांगे पूरी होने तक आंदोंलन करने का अल्टीमेटम दिया गया है।

**समिति प्रबंधकों की यह है चार सूत्रीय मांगे**

साल 2023-24 और 2024-25 धान परिदान के बाद हुई सुखत को मान्य कर समितियों को राशि देने की मांग है। साथ ही शून्य शार्टेज प्रोत्साहन राशि, कमीशन और प्रासंगिक व्यय को बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। समितियों में काम करनें वाले कर्मचारियों को तनख्वाह देने के लिए हर साल तीन तीन लाख प्रबंधकीय अनुदान की मांग कर रहे हैं।

**सरकार भी समझ गई है**

समिति प्रबंधकों का हर साल यही मांग रहता है। इन मांगों को लेकर हर बार आंदोलन करते हैं और आश्वासन के बाद काम पर लौट जाते हैं। सरकार भी इनके रवैये को समझ गई है। इसके कारण अब तक मांगे पूरी नहीं हो पा रही है। इस बार भी ऐसे ही हालात निर्मित होने वाली है।

# करंट की चपेट में आए चाचा-भतीजे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



**लैलूंगा थाना क्षेत्र की घटना, मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस**

आलू की फसल में पानी देते समय करंट की चपेट में आए चाचा-भतीजा की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

यह घटना लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़पारा की है। जानकारी के अनुसार मृतक निर्मल नागवंशी पिता जगत राम नागवंशी 25 वर्ष और शिवा नागवंशी पिता हेमसागर नागवंशी 12 दोनों चाचा-भतीजा हैं। सोमवार को दोनों अपने खेत में आलू की फसल में सिंचाई कर रहे थे। उन्होंने डबरी से पानी निकालने के लिए पनडुब्बी मोटर पंप चलाया था, जिसके लिए बिजली का अस्थायी कनेक्शन किया गया था। खेत में पानी सिंचाई के दौरान अचानक बिजली का बोर्ड जमीन पर गिर गया। जैसे ही निर्मल नागवंशी उसे उठाने के लिए झुका वह सीधे हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया और तड़पने लगा, जिसे देख उसका भतीजा शिवा नागवंशी उसे बचाने के लिए उसकी तरफ दौड़ा और वह भी करंट की चपेट में आ गया। इस घटना में दोनों की ही मौके पर मौत हो गई।

**ग्रामीण पीड़ित परिवार को बंधा रहे ढाढस**

घटना की सूचना मिलते ही लैलूंगा पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। वहीं पीएम के बाद मंगलवार को दोनों के शवों को अंतिम संस्कार के लिए उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। एक परिवार में दो की मौत की खबर से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीण पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने के लिए उनके घर पहुंच रहे हैं।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ी सुरक्षा, राउरकेला पुलिस ने माओवाद पर कसी लगाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला



ओडिशा झारखंड सीमा क्षेत्र में हाल के दिनों में माओवादी गतिविधियों में बढ़ोतरी को देखते हुए राउरकेला पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ कर दिया है। राउरकेला पुलिस जिला अंतर्गत तीन थाना क्षेत्रों में जनसुरक्षा सुनिश्चित करने और माओवादी प्रभाव को रोकने के उद्देश्य से नए सीआरपीएफ कैंप स्थापित किए गए हैं।

पश्चिमी रेंज के डीआईजी बृजेश राय ने बताया कि ये कैंप स्थानीय लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ.साथ माओवाद के पुनः उभार को रोकने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। इसी क्रम में सोमवार को लाठिकाटा थाना क्षेत्र के रामजोड़ी में नया सीआरपीएफ कैंप स्थापित किया गया। डीआईजी बृजेश राय और राउरकेला एसपी नितेश वाधवानी ने कैंप का निरीक्षण कर जवानों का उत्साहवर्धन किया और स्थानीय निवासियों से संवाद कर उनकी चिंताओं को सुना। गौरतलब है कि वर्ष 2013 के बाद क्षेत्र में माओवादी गतिविधियां लगभग समाप्त हो गई थीं, जिसके चलते कई कैंप बंद कर दिए गए थे। लेकिन हाल में चरमपंथी हलचल बढ़ने पर पुलिस ने पुनः सीआरपीएफ बटालियन को तैनात किया है। एसपी वाधवानी ने कहा कि यह नया कैंप न केवल सुरक्षा को मजबूत करेगा बल्कि स्थानीय लोगों के साथ विश्वास और सहयोग की भावना भी बढ़ाएगा।

# महाराजा अग्रसेन पर अमर्यादित टिप्पणी से अग्रवाल समाज खफा

**रैली निकाल कर घेरा एसपी ऑफिस, आरोपी पर एफआईआर की मांग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



महाराजा अग्रसेन पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर अग्रवाल समाज में भारी आक्रोश है। समाज के सैकड़ों लोगों ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर की मांग की है।

समाज के लोगों ने आवेदन बताया कि अमित बघेल ने मीडिया के माध्यम से दिए गए बयान में अग्रवाल समाज के आराध्य, भगवान श्रीराम के वंशज और लोगों की आस्था के प्रतीक महाराजा अग्रसेन के विरुद्ध अमर्यादित व आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उन्होंने कथित रूप से महाराजा अग्रसेन के संबंध में अनुचित शब्दों का प्रयोग किया और मूर्ति तोड़ने, पेशाब करने जैसे अनुचित शब्दों का उपयोग किया है। बातें कही हैं। इसके अलावा उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और सिंधी समाज के आराध्य देवताओं के खिलाफ भी अपमानजनक टिप्पणी की है। कार्रवाई नहीं तो होगा उग्र आन्दोलन

अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के भड़काउ बयान से समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और भविष्य में अशांति फैलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द आरोपी पर कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। अग्रसेन सेवा संघ के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल ने कहा कि अमित बघेल ने हमारे आराध्य महाराजा अग्रसेन जी पर अभद्र टिप्पणी कर पूरे अग्र समाज और स्वर्ण समाज का अपमान किया है। समाज इस बयान से गहराई से आहत है।

# केलो नदी के तट पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब, उगते सूर्य को दिया अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**जमकर हुई आतिशबाजी, 36 घंटे बाद व्रतियों ने तोड़ा व्रत**



मंगलवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए छठ घाटों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान जमकर आतिशबाजी हुई और 36 घंटे बाद व्रतियों ने अपना निर्जला व्रत तोड़ा। छठ पूजा के लिए शहर के अलग-अलग घाटों में विशेष इंतजाम किए गए थे। मंगलवार की सुबह 5 बजे से श्रद्धालु पूजा सामग्री लेकर जूटमिल, कयाघाट और खर्राघाट के छठ घाट में पहुंच गए थे। श्रद्धालुओं ने अपने-अपने परिवारों के साथ यहां पूजा-अर्चना कर छठी मैया का आर्शीवाद लिया। वहीं व्रती महिलाएं घुटने तक पानी में उतरीं और सूर्य निकलने पर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर अपना 36 घंटे का निर्जला उपवास पूरा किया। ऐसे में नहाय-खाय से शुरू हुई छठ पूजा का समापन हो गया। इस दौरान जहां माता-पिता पूजा-अर्चना में लीन रहे तब बच्चों ने जमकर आतिशबाजी की। हर साल की तरह सुबह से यहां मेला जैसा माहौल था। इसके अलावा कई श्रद्धालुओं ने बहते पानी में दीपदान भी किया।

**तैनात रही पुलिस की टीम**

छठ पूजा को लेकर पुलिस जवान भी ड्यूटी पर तैनात थे। सभी छठ घाट में थाना व यातायात विभाग के जवान मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे थे। वहीं कयाघाट मुक्तिधाम की ओर से एसईसीएल की ओर व खर्राघाट रपटा से कोई बड़ी गाड़ियां न आ सके, इसके लिए ट्रैफिक बैरिकेड्स लगाए गए थे। इससे छठ पूजा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हुई।

# निगम ने लिया मेडिकल कॉलेज समेत दो बड़े फिल्टर प्लांट से पानी सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



नगर निगम ने मंगलवार को शहर के अलग_अलग जगहों से पानी का सेंपल लेकर जांच के लिए पीएचई भेजा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा पानी खराब या साफ। इसमें सबसे ज्यादा पानी खराब होने का डर अस्पताल का सेंपल रहता है। वजह बीते पखवाड़े लिए गए सेंपल जांच में पानी की रिपोर्ट नेगेटिव आई थी। इसके बाद सुधार हुआ या नहीं इस जांच के बाद पता चलेगा। नगर निगम का जल विभाग हर दिन शहर के किसी न किसी एरिया के पानी की जांच करता है। इसके लिए सेंपल लेकर जांच के लिए पीएचई को भेजी जाती है। मंगलवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सम्पवेल, नगर निगम के चक्रधर नगर ओवर हेड टैंक के साथ वार्ड नंबर 25 में चिरंजीव दास नगर कौहाकुंडा एमआईजी 27के नल के पानी का सेंपल लिया गया। इसके अलावा 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट और 32 एमएलडी अमृत मिशन के फिल्टर प्लांट का सेंपल लिया गया है। इसकी जांच पीएचई में होगी। इसके बाद वहां से अधिकृत रिपोर्ट आएगी। उसमें पता चलेगा कहां की पानी पीने लायक और कहां का नहीं।

**पखवाड़े भर पहले का सेंपल फेल**

नगर निगम के जल विभाग की ओर से 15 दिन पहले मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पानी का सेंपल लेकर जांच के लिए भेजा था। उसकी रिपोर्ट निगेटिव आई थी। इसके बाद प्रबंधक को इसकी जानकारी देकर सुधार करने कहा गया था। सुधार हुआ या नहीं इसकी जानकारी निगम को भी नहीं है। अब दूसरी बार सेंपल लेंकर जांच के लिए भेजी गई है।

## मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, सुबह से ही जिले में दिख रहा था असर

# रायगढ़ में दिखा चक्रवाती तूफान मोंथा का असर, शाम को हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



मंगलवार को रायगढ़ में भी चक्रवाती तूफान मोंथा का असर देखा गया। सुबह में आसमान में काले बादल छाए रहे वहीं दोपहर में ठंडी हवाएं चलने लगी। शाम करीब 4 बजे अचानक बारिश शुरू हो गई। जिससे रात में लोगों ने ठंड का ऐहसास किया।

दरअसल छत्तीसगढ़ में मंगलवार को भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, क्योंकि चक्रवाती तूफान मोंथा का असर छत्तीसगढ़ में भी दिख रहा है। जिससे मंगलवार से लेकर 30 अक्टूबर तक मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। जबकि दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी बारिश का अलर्ट जारी है। खासतौर पर बस्तर के अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। वहीं चक्रवाती तूफान मोंथा के चलते 60 से लेकर 80 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अलर्ट भी यहां जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में चक्रवाती तूफान मोंथा का असर आने वाले तीन दिनों तक दिखने वाला है। ऐसे में यहां झमाझम बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट देखने को मिलेगी जिससे ठंड का असर भी छत्तीसगढ़ में शुरू होगा। हालांकि मंगलवार से रायगढ़ में इसकी शुरुआत हो गई है। अचानक मौसम के बदलाव से लोग सेहत को लेकर भी सतर्क हो गए हैं।

**धान की फसल को पहुंच सकता है नुकसान**

जानकारों की मानें तो अभी धान कटाई का समय आ गया है। जिससे किसान अब तक खुश नजर आ रहे थे, लेकिन चक्रवाती तूफान मोंथा की जानकारी पाकर किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। क्योंकि अब खेतों में धान की बालियां पक चुकी है और छोटे धान की कटाई भी शुरू हो गई है, ऐसे में तेज हवाओं में बालियां गिरने की आशंका बनी हुई है। इससे किसानों को काफी नुकसान भी हो सकता है।

### अवैध रूप से रखे नशीली टेबलेट के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** अवैध रूप से भारी मात्रा में रखे नशीली टेबलेट के साथ पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है। मामला सिटी कोतवाली का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम मुड़पार निवासी 33 वर्षीय सन्नू कश्यप द्वारा नशीला दवा बिक्री के लिए रखे जाने की सूचना मिली। पुलिस ने सूचना पर मौके पर रेड करवाई की गई। जहां पर एक व्यक्ति बुलेट मोटर साइकिल के साथ खड़ा हुआ मिला जिसके कब्जे से कुल 4320 नग पाइवोन स्पा प्लस नशीली टेबलेट कीमती 42 हजार 768 रुपए एवं बुलेट मोटर सायकल, नगदी रकम 8 हजार रुपए एवं 01 नग मोबाइल बरामद किया गया जाकर विधिवत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा के एक मामले में 4 लाख स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। बागबहार तहसील अंतर्गत ग्राम खुटापानी निवासी स्व. ड्रेमिला पैकरा का नाला में डूबने से 22 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो गई थी। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पिता लवप्रसाद हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### मवेशी से टकराई बाइक मामा की मौत, भांजा घायल

**अम्बिकापुर।** रघुनाथनगर अंतर्गत ग्राम लगड़ी निवासी सुखदेव सिंह आ. बिचू सिंह (44 वर्ष) 22 अक्टूबर को भांजा जय सिंह के साथ बाइक से ग्राम भेसकी कैलाशपुर से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम गुडरू के समीप पहुंचे तभी सड़क पर जा रहे मवेशियों से टकरा गए। दुर्घटना में मामा भांजा घायल हो गए। परिजन घायलों को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने घायलों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां सुखदेव की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### घुनघुट्टा खर्दा नदी पर गंगा आरती रही आकर्षण की केंद्र

**दरिमा।** घुनघुट्टा खर्रा नदी पर भी इस वर्ष हजारों की संख्या में व्रतियों ने छठ पूजा की। छठ पूजा को लेकर घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति सोहगा करजी द्वारा वृहद पैमाने पर तैयारियां की गई थी। इस वर्ष समिति द्वारा व्रतियों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर समिति ने 2100 घाटों का निर्माण किया है। शाम को व्रतियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया। समिति द्वारा बार भी भक्तों के लिए जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। भोजपुरी कलाकार प्रवीण सिंह ने भक्ति गीतों से शमा बांध दिया। इसके साथ ही बनारस से आए विद्वानों द्वारा की गई गंगा आरती भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। खर्रा नदी के बीच विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद गंगा आरती की गई।

### विधायक पोर्ते ने अटल परिसर सहित कई निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर में आयोजित भव्य समारोह में विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने विकास की अनेक सौगातें क्षेत्रवासियों को समर्पित कीं। इस अवसर पर उन्होंने अटल परिसर, सामुदायिक पुस्तकालय, ब्लड बैंक भवन, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष और इनडोर स्टेडियम का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक पोर्ते ने कहा कि बहुत ही कम समय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रतापपुर विकासखंड को विकास कार्यों की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सड़कों की जाल बिछाने का कार्य जारी है ताकि ग्रामीणों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि प्रतापपुर क्षेत्र को 23 नई सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जो विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

### स्कूल परिसर में निकला विशाल अजगर

**लखनपुर।** स्कूल परिसर में विशाल काय अजगर सांप निकलने से हड़कंप मच गया। इस घटना के बाद अजगर सांप देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सांप को रेस्क्यू कर जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया है। बताया जा रहा है कि सोमवार की दोपहर 3.30 बजे विकासखंड के ग्राम लहपटरा हाई स्कूल मैदान में कुछ लोगों की नजर विशाल अजगर सांप पर पड़ी। परिसर में लगभग 5 फीट का अजगर सांप मौजूद था। सांप निकलने की घटना सामने आने के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। इस दौरान लोगों ने अजगर सांप का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डाल दिया। स्थानीय युवकों ने अजगर निकलने की जानकारी वन विभाग को दी।

## घाट में आए सभी भक्तों को दिया गया प्रसाद

# उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने किया व्रत का पारण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

**पत्थलगांव।** उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा भक्तिमय वातावरण के साथ संपन्न हुई। शहर के छठ तालाब, पूरन तालाब, झरिया सहित ग्रामीण क्षेत्रों के अन्य तालाबों, पोखरों, जलाशयों पर छठव्रती छठ महोत्सव के तीसरे दिन अस्ताचलगामी और अंतिम दिन उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा मंत्रोचारण कर व्रत का पारण किया।

छठ घाट में आए सभी भक्तों को ठेकुआ, चावल का कचवनिया, चने, केला, सेव , आदि फल का प्रसाद दिया गया। इस पर्व पर प्रसाद के लिए गेहूं के पीसे आटे से बनाए गए ठेकुआ का प्रसाद होता है। जिसे बॉस के दौरा, सूप में रख कर पूजा की जाती है। सुख, शान्ति, समृद्धि व संतान प्राप्ति के लिए छठ मईया का छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत रखने वाले व्रतधारियों ने उगते सूर्य देवता को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया। पत्थलगांव की विधायक गोमती साय भी छठ घाट पहुंच कर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। उन्होंने पिछले वर्ष तालाब में छठ घाट बनाने की घोषणा की थी। जिसका आज सभी के समक्ष 40 लाख रुपए से घाट बनाने के लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि मैंने जो वादा किया था वो पूरा किया है। अब छठ पूजा करने पक्का सीमेंट का घाट बन जाएगा। जिससे पूजा करने में आसानी होगी। पूजा करने ज्यादा जगह रहेगी क्योंकि लगातार भक्तों को संख्या बढ़ रही है। इस चार दिवसीय पर्व के अंतिम दिन मंगलवार को भोर से ही छठ घाट पुरन तालाब में भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। आसपास गांव के लोग इस महापर्व को देखने आए हुए थे।

### ये रहे मौजूद

पत्थलगांव भोजपुरी समाज के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, संरक्षक मनोज तिवारी, बच्चन दुबे, अशोक श्रीवास्तव, अरुण गुप्ता, सतीश मिश्रा, अमर महतो, प्रदीप गुप्ता, छठ पूजा समिति के अध्यक्ष श्याम नारायण गुप्ता, संजय तिवारी, नीरज गुप्ता, कृष्णा सिंह, प्रमोद साहू, सुनील गुप्ता, अवधेश गुप्ता, राजीव साहू, रामानंद सिंह, बंटी सिंह, पवन गुप्ता, लक्की गुप्ता, रोशन साहू, राजेश साहू, ओम गुप्ता, विकास, सोनू रजक सहित भोजपुरी समाज एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### भगवान सूर्य माने जाते हैं उर्जा के देवता

भगवान सूर्य ऊर्जा और जीवन शक्ति के देवता माने जाते हैं। छठ के दौरान इनकी पूजा उन्नति, बेहतरी और कष्ट निवारण के लिए किया जाता है। गौरतलब है कि चार दिनों तक चलने वाला छठ पर्व सूर्य भगवान की पूजा है। उन्हीं से सभी पूजा करने वाले और आए सभी भक्त अपने लिए सुख समृद्धि के लिए आशिर्वाद मांगते है।

### घाटों को सजाया गया मनमोहक गेट बना कर

शहर के घाटों को मनमोहक गेट बना कर लाईटिंग व फूलों से सजाया गया था। घाटों पर दीवाली जैसा माहौल नजर आ रहा था। लोग जमकर आतिशबाजी कर रहे थे। पत्थलगांव भोजपुरी समाज द्वारा छठ पूजा के लिए बनवाए गए तालाबों, घाटों पर छठ व्रतधारियों ने पूजा-अर्चना कर मन्नत मांगी। लगभग 3 से 4 हजार लोग इस पावन ब्रत को देखने पूरन तालाब स्थित छठ घाट आए थे।

### प्रशासन का मिला पूरा सहयोग

भोजपुरी समाज के संरक्षक मनोज तिवारी ने कहा कि भोजपुरी समाज के सभी लोगो ने अथक मेहनत कर छठ घाट को सजाया था। पहले दिन से नगरपालिका की बाइक रैली सहित पहले अर्घ्य से लेकर छठ पूजा के समापन तक पुलिस प्रशासन का काफी अच्छा सहयोग मिला छठ पूजा समिति के अध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता ने कहा कि छठ पूजा में भोजपुरी समाज ने मिलकर कार्य किया जिससे छठ घाट को बनाने में सजाने में आसानी हो सका। खास कर भोजपुरी समाज के युवाओं न खूब मेहनत की। वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन यादव ने कहा भगवान भास्कर की पूजा देखने लायक थी। भोजपुरी समाज ने छठ घाट बहुत बेहतर ढंग से सजाया था जो देखते बन रहा था।



## महाप्रभु जगन्नाथ का लिया दर्शन लाभ

### भगवान को अर्पित की 51 हजार तुलसी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को सुबह कुनकुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर महाप्रभु जगन्नाथ, माता सुभद्रा और भगवान बलराम के दर्शन किए। इस दौरान उनकी पत्नी कौशल्या साय भी उपस्थित रहीं।

सीएम ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि, शांति और कल्याण की मंगल कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में जगन्नाथ सेवा समिति कुनकुरी द्वारा मंगलवार से 5 नवंबर तक चलने वाले तुलसी अर्चन कार्यक्रम में भी भाग लिया एवं भगवान जगन्नाथ को 51 हजार तुलसी दल अर्पित कर विशेष पूजन किया। साथ ही वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रदेश की प्रगति, समरसता और जनकल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा। साथ ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से भेंट कर उनकी कुशलक्षेम पूछी और आयोजन में शामिल जगन्नाथ सेवा समिति कुनकुरी के सदस्यों की सराहना की और कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान में ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एकता और भक्ति के सूत्र में बांधता हैं। उन्होंने समिति को इस पावन आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। पूरा वातावरण जय जगन्नाथ के उद्घोष से गूंज उठा।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव सहित पुजारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों की उपस्थिति रही।

## जोगपाल पब्लिक स्कूल में छठ पूजा की रही धूम, आस्था, श्रद्धा के रंगों में रंगा स्कूल




**पत्थलगांव।** जोगपाल पब्लिक स्कूल पत्थलगांव के प्रांगण में 'छठ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने छठ महापर्व पर आधारित मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया । कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा अंशिका मित्तल ने छठ महापर्व के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। अंशिका ने बताया कि यह हिंदुओं का प्रमुख त्यौहार है। यह मुख्यतः बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और पूर्वी प्रदेश में मनाया जाता है। इस पर्व में महिलाएं 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती है, यह उनके अटूट धैर्य और समर्पण को दर्शाता है। इसके बाद छात्राओं द्वारा छठ पर्व की नृत्य, नाटक के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य डॉ विनय राय ने पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह पर्व पूर्णतः प्रकृति से जुड़ी हुई है, हमें प्रकृति का धन्यवाद करना चाहिए। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य डॉ विनय राय, एडमिनिस्ट्रेटर मनजोत सिंह भाटिया, शिक्षक- शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# हवन, पूजन, दीपदान कर व्रतियों ने खोला व्रत

**कोतबा।** धर्मनगरी कोतबा में आस्था और संस्कार के महापर्व छठ के अंतिम दिन मंगलवार को व्रतियों ने ब्रह्ममुहूर्त पर उदयमान सूर्य भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर विधि विधान से हवन, पूजन के साथ समापन किया।

वार्ड क्रमांक 8 में सुकवासुपारा स्थित तालाब में 5 व्रती व वार्ड 11 के हाईस्कूल के असुरबन्ध तालाब में 1 व्रती सहित अन्य दर्जनों व्रती महिलाओं ने उदयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर कथा श्रवण कर व्रत का पारण किया। संतान की कल्याण के लिए मुरादे मांगी । अर्घ्य देने के बाद आरती कर छठी मैया के लिए बनाई गई ठेकुआ और प्रसाद लोगों में बांटा गया। छठ पूजा महोत्सव के चौथे दिन तड़के हवन किया गया। इसके बाद भगवान सूर्य और छठी मैया की आरती की गई। 4 दिनों तक चलने वाला यह व्रत शनिवार को नहाए खाए के साथ शुरू हुआ था। इस दौरान लोग भक्ति भाव में डूबे नजर आए। तालाब घाट के किनारे आस्था का सैलाब देखने को मिला। इससे पहले सोमवार को नदी में उतरकर अस्त हो रहे सूर्य को दूध और जल से अर्घ्य दिया गया। इस दौरान घाटों पर प्रशासन की तरफ से खास इंतजाम भी किए गए। सुकवासुपारा व असुरबन्ध तालाब के तट पर श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ी। लोग भोर से ही हाथों पर उगते हुए सूर्य की आराधना के साथ गाय के दूध के साथ अर्द्ध दिया। सुबह होने से लाइट व अलाव इत्यादि की व्यवस्था की गई थी। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर कोतबा पुलिस चौकी प्रभारी ब्रजेश यादव अपने दल बल व ट्रैफिक पुलिस के साथ तैनाती कर मुश्तैद नजर आए।





### बांटा गया प्रसाद

चौथे दिन सुबह महिलाओं और पुरूषों ने नदी किनारे बैठकर छठी मैय्या के गीतों का गुणगान किया और उनकी पूजा-अर्चना की। इनके अलावा आज घरों में ठेकुवा,फल चना प्रसाद भी तैयार किया जाता है, जो छठ की पारंपरिक पकवानों में से एक होते हैं। पूजा-पाठ के बाद प्रसाद को लोगों में बांटा जाता है। माना जाता है कि प्रसाद खाने से सारी मनोकामना पूरी हो जाती है।



### राउरकेला सह समीपवर्ती जिलों में छठ आयोजन भव्यता बिखेरते सम्पन्न

# सूर्य देव के चरणों में अर्घ्य भक्ति की अनंत धारा

**राउरकेला।** प्रभात की प्रथम किरणों से आलोकित घाटों पर जहां सूर्य देव की दिव्य ज्योति भक्तों के हृदय को स्पर्श करती है, आज कार्तिक शुक्ल षष्ठी को छठ महापर्व का भक्तिमय समापन हुआ। राउरकेला ओड़िशा ही नहीं अपितु बिहार झारखंड से लेकर देश विदेश के कोने कोने में, लाखों व्रतधारी आत्माओं ने चार दिवसीय कठोर तपस्या के पश्चात डूबते भगवान सूर्य को जल अर्घ्य अर्पित करए अपनी मनोकामनाओं को भाष्कर की करुणा के समर्पित किया। यह पर्व मात्र रस्म नहीं, अपितु सूर्योपासना की अमर परंपरा है, जहां प्रत्येक अर्घ्य कमंडल भक्ति के अमृत से परिपूर्ण हो उठता है, मानो ऋग्वेद की उद्गीथाएं जीवंत हो रही हों।



व्रतधारी महिलाओं, जिन्होंने निर्जल उपवास की अग्निपरीक्षा दी, ने सूर्य देव की कृपा से वर्षा, संतान, धन-धान्य एवं आरोग्य की कामनाएं जपते हुए अर्घ्य चढ़ाया। ठेकुएं, फलाहार और प्रसाद वितरण के बीच, छठी माई के जयकारों से गूंजते घाटों पर भक्ति का रस उमड़ पड़ा। प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, यह महोत्सव सूर्यवंश की जड़ें मजबूत करता है, जहां प्रत्येक भक्त राम कृष्ण की भक्ति में डूबाए पर्यावरण संरक्षण की वैज्ञानिक कला को भी आत्मसात करता है विटामिन डी की किरणें न केवल तन को पोषित करतीं, अपितु आत्मा को भी प्रकाशित। राउरकेला सह समीपवर्ती जिलों में विभिन्न संस्थाओं द्वारा भव्यता बिखेरते पुलिस प्रशासन की तत्परता सह सहयोग से छठ महापर्व का गौरवमयी समापन हो गया। हर्षविभोर भक्तजन, आंसुओं से भीगी आंखों से लौटे, जपते हुए जय छठी माईख जय सूर्य भगवान! जोहर छठी माई की! यह पर्व भक्ति की गहन धारा है जो पारिवारिक बंधनों को मजबूत कर सामाजिक सद्भाव की नींव रखती है। अगले कार्तिक में पुनः इस दिव्य मिलन की प्रतीक्षा में सभी हृदय सूर्य की ज्योति से जगमगा रहे।

### युवाओं ने ट्रैकिंग, रॉक क्लाइंबिंग का लिया अनुभव

# सीएम ने पर्वतारोही युवाओं के जज्बे को सराहा, दिया प्रशस्ति-पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के युवाओं ने अपने साहस, अनुशासन और अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर हिमालय की ऊंचाइयों को छू लिया। हिमाचल प्रदेश में ट्राइबल अल्पाइन एक्सपीडिशन हिमालय 2025 में जशपुर जिले के पर्वतारोहियों ने दुहांगन वैली में 5350 मीटर की ऊंचाई तक सफलतापूर्वक चढ़ाई कर न केवल जिले का बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का नाम गौरवान्वित किया।

अभियान के दौरान दल के सदस्यों ने ट्रैकिंग, रॉक क्लाइंबिंग और आइस क्लाइंबिंग जैसी चुनौतीपूर्ण गतिविधियों में अपनी दक्षता और साहस का प्रदर्शन किया। यह दल जिला प्रशासन जशपुर के सहयोग से पर्वतारोहण के लिए सितंबर माह में रवाना हुआ था। अभियान का नेतृत्व टीम लीडर स्वप्निल राचिलवाल ने किया। दल के अन्य सदस्यों में रवि कुमार सिंह, रूसनाथ भगत, तेजल भगत, सचिन कुजूर और प्रतीक नायक शामिल रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अभियान में सफलता प्राप्त करने वाले पर्वतारोहियों को सीएम कैंप कार्यालय बगिया में प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और उनके जज्बे की सराहना की। उन्होंने कहा कि जशपुर के युवाओं ने यह साबित किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, लगन और आत्मविश्वास से हर ऊंचाई को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से जिले के आदिवासी युवा एडवेंचर स्पोर्ट्स के प्रति जागरूक होंगे और साहसिक खेलों में भागीदारी के लिए प्रेरित होंगे। इस मौके पर कलेक्टर रोहित व्यास, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।




### युवाओं ने साझा किए अपने अनुभव

युवाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शासन के सहयोग से आदिवासी वनांचल क्षेत्र जशपुर से हिमालय जाने एवं वहां विभिन्न प्रकार के एडवेंचर एक्टिविटी में भागीदारी करने का मौका मिला। दल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि शासन-प्रशासन के सहयोग और प्रोत्साहन से ही उन्हें हिमालय अभियान का हिस्सा बनने और इस उपलब्धि को हासिल करने का अवसर मिला। इस अभियान से प्राप्त अनुभव और साहस जिले के युवाओं को एडवेंचर स्पोर्ट्स के प्रति प्रेरित करने में सहयोगी होगा। ज्ञात हो कि जनजातीय हिमालय पर्वतारोहण अभियान 2025 की शुरुआत एक स्थानीय प्रशिक्षण पहल के रूप में शुरू हुई थी, जो सामूहिक विश्वास, सहयोग और समर्थन से एक सशक्त अभियान के रूप में विकसित हुआ। इस पहल ने न केवल युवाओं में आत्मविश्वास और रोमांच की भावना जागृत की, बल्कि जशपुर जिले की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया। यह पर्वतारोहण सिर्फ कुछ युवाओं की यात्रा नहीं थी यह पूरे जशपुर की सामूहिक उपलब्धि थी।

## 22 ठेका श्रमिकों की राय के साथ जनसुनवाई पूरी, ग्रामीणों में असंतोष

**राउरकेला।** राजगांगपुर शहर के पास मांडियाकुदार क्षेत्र में स्थित अग्रसेन स्पंज कारखाने की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा 24 तारीख को की गई। एक जनसुनवाई में आसपास के चुंगिमाटी और आस पास के गांवों के लोगों को शामिल नहीं किया गया। बल्कि केवल कारखाने में काम करने वाले 22 ठेका श्रमिकों की राय लेकर जनसुनवाई पूरी कर दी गई। इस कारण अब उस क्षेत्र में जनता में असंतोष फैल गया है और खबर है कि यह मामला मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचेगा।

सूत्रों के अनुसार 24 अक्टूबर को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी और जिलाधिकारी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में चुंगिमाटी के पास जनसुनवाई हुई थी। गांव के लोगों का आरोप है कि पिछले 22 वर्षों से कारखाने के प्रदूषण से प्रभावित लोगों को अपनी बात कहने का मौका नहीं दिया गया। केवल ठेका कर्मचारियों की राय लेकर जनसुनवाई की गई। ग्रामवासियों ने बताया कि इस कारखाने के शुरू होने के बाद से वे अब अपने इलाके में हरियाली नहीं देख पा रहे हैं। 25 नीम के पेड़ जो गांव में थेए प्रदूषण के कारण सूख गए हैं, गाय बैल मर रहे हैं, खेतों में अब खेती नहीं हो पा रही है, गांव के लोग विभिन्न बीमारियों से ग्रसित होकर मर रहे हैं। इसलिए उन्होंने मांग की है कि कारखाने को आगे न बढ़ाया जाए और बंद किया जाए ताकि उनकी रक्षा हो सके। ग्रामवासी यह भी कहते हैं कि जब यह कारखाना शुरू हुआ था तब अधिकारियों के सामने जो वादे किए गए थे, उनका पालन नहीं किया गया। विकास कार्य पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं।



# 'कांतारा चैप्टर-1' का कलेक्शन पहुंचा 800 करोड़ रुपए के पार

**मुंबई।** कन्नड़ सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा चैप्टर-1' पिछले 25 दिनों से सिनेमाघरों की टिकट खिड़की पर कब्जा जमाए हुए है। पिछले हफ्तों में फिल्म की कमाई में किसी तरह की कोई गिरावट नहीं देखी गई है। इसी के साथ फिल्म ने लगातार कई बड़ी सुपरहिट फिल्मों के भी रिकॉर्ड तोड़े हैं। लेकिन अब ऋषभ शेट्टी की इस फिल्म ने इस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर मूवी 'छावा' का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 'कांतारा चैप्टर-1' की कमाई का आंकड़ा अब 800 करोड़ के पार पहुंच गया है। रिपोर्ट के अनुसार, ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा चैप्टर-1'ने 25वें दिन 10 करोड़ का कलेक्शन किया है।

## लाइफ Style



# सोनल 'मिर्जापुर: द फिल्म' में एंट्री

'जन्नत' फेम अभिनेत्री सोनल चौहान की एंट्री 'मिर्जापुर: द फिल्म' में हो गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी। सोनल ने भी टीम को थैंक्स कहते हुए एक पोस्ट किया है। अभिनेत्री सोनल चौहान को 'जन्नत' और 'आदिपुरुष' जैसी फिल्मों में काम करने के लिए जाना जाता है।

एजेंसी ⏭ मुंबई


सोनल अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार गिफ्ट हैंपर और प्रोडक्शन हाउस के एक नोट की झलक दिखाई। नोट में जानकारी दी गई है कि सोनल अब मिर्जापुर फिल्म का हिस्सा हैं। इस नोट में लिखा है, प्रिय सोनल, हम आपको 'मिर्जापुर' की टीम में पाकर बहुत उत्साहित हैं। हम पर्दे पर आपके अभिनय का जादू को देखने के लिए बेताब हैं। सोनल ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैं मिर्जापुरः द फिल्म' में शामिल होने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इस टीम का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हुई और मैं आप सभी को यह देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि हम पर्दे पर क्या-क्या दिखाने वाले हैं। इस आइकॉनिक फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद।" सोनल ने कैप्शन में लिखा, यकीन नहीं हो रहा है। इतने अविश्वसनीय और बदलावकारी सफर का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हो रही है। इस फिल्म की शूटिंग वाराणसी में शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में अली फजल एक बॉडी बिल्डर के रूप में दिखाई देंगे, इसके लिए उन्होंने जमकर ट्रेनिंग भी ली है। क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'मिर्जापुर' में गद्दी के लिए लड़ते बाहुबलियों की दुनिया को दिखाया जाएगा। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# बुगोनिया के प्रीमियर में बिखेरा जलवा

**न्यूयॉर्क।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और ऑस्कर विजेता एमा स्टोन एक बार फिर अपने ग्लैमरस अंदाज़ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी नई फिल्म 'बुगोनिया' के न्यूयॉर्क प्रीमियर में शिरकत की, जहां उनका स्टाइल और लुक चर्चा का विषय बना रहा। अब इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। यह प्रीमियर न्यूयॉर्क सिटी के म्यूज़ियम ऑफ मॉडर्न आर्ट में होस्ट किया गया, जहां एमा स्टोन अपने को-स्टार्स जेसी प्लेमन्स, एलिसिया सिल्वरस्टोन और लिली शीन के साथ रेड कार्पेट पर नजर आईं।



# जो जोनस ने तलाक पर तोड़ी चुप्पी...

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड सिंगर जो जोनस ने आखिरकार तलाक पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। वो और उनकी वाइफ सोफी टर्नर का रिश्ता टूट चुका है। जो जोनस ने कहा, 'तलाक मुश्किल होता है। ये किसी के लिए भी आसान नहीं होता। लोग बहुत जल्दी अनुमान लगा लेते हैं। जो ने आगे कहा, 'लोग बहुत सी परिस्थितियों से गुजर रहे हैं और यह फैक्ट कि मैं परफॉर्म करने जा सकता हूं और लोगों को कुछ महसूस करा सकता हूं और शायद उनका ध्यान उन परिस्थितियों से हटा सकता हूं जिनसे वे गुजर रहे हैं, या उनके तलाक से, दो घंटे के लिए जब वे एक म्यूजिक कॉन्सर्ट देखने आते हैं, इससे मुझे बहुत उद्देश्य मिला।' सिंगर ने खुलासा किया कि वो अपने बच्चों के लिए कुछ भी कर सकते हैं, यहां तक कि अपनी को-पैरेंट सोफी के साथ रिश्ता भी बना सकते हैं।



# 7 को स्ट्रीम होगी हुमा की महारानी-4

**मुंबई।** महारानी' सबसे लोकप्रिय राजनीतिक ड्रामा सीरीज में से एक है, जिसमें हुमा कुरैशी रानी भारती की भूमिका में फिर से धमाका करने वाली है। तीन सीजन की लोकप्रियता और सफलता के बाद यह सीरीज अपने चौथे सीजन के साथ धमाकेदार वापसी के लिए तैयार है। 'महारानी 4' की घोषणा पहले ही कर दी गई थी और 9 अक्टूबर को निर्माताओं ने इसके ओटीटी प्रीमियर की तारीख के साथ ट्रेलर भी जारी कर दिया था। यह सीरीज 7 नवंबर को सोनी लिव पर रिलीज होने वाली है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने एक्स पर सीरीज का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, 'शेरनी अपने घर की रक्षा के लिए लौटी! रानी अपनी अब तक की सबसे बड़ी लड़ाई के लिए तैयार। #महारानी4 7 नवंबर से सिर्फ सोनी लिव पर स्ट्रीमिंग।'



# 'मस्ती-4' का पोस्टर आउट आज ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइज़ी 'मस्ती' की वापसी को लेकर दर्शकों में उत्साह चरम पर है। विशेष रूप से जैसे ही 28 अक्टूबर रिलीज होने जा रही 'मस्ती 4' की ट्रेलर रिलीज की डेट सामने आई है, दर्शक और ज़्यादा उत्साहित हो गए हैं और इसी उत्साह को देखते हुए वेवबाउंड प्रोडक्शन ने कलरफुल और एनर्जी से भरपूर एनसेंबल पोस्टर रिलीज कर उनके उत्साह को और भी हाई कर दिया है। यह पोस्टर फिल्म के मस्त, मज़ेदार और ओवर-द-टॉप अंदाज़ को पूरी तरह दर्शाता है। मिलाप मिलन ज़वेरी की ओर से लिखित और निर्देशित 'मस्ती 4' में वापसी कर रही है, रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी की वही आइकॉनिक तिकड़ी, जो दोबारा अमर, मीत और प्रेम के अपने पॉपुलर किरदारों में नजर आएंगे।

## टीवी मसाला

# जय भानुशाली और माही विज ने दी तलाक की अर्जी

**मुंबई।** टीवी के पावर कपल कहे जाने वाले एक्टर जय भानुशाली और माही विज एक बार फिर से सुर्खियों में छाए हुए हैं। दरअसल, एक बार फिर से जय भानुशाली और माही विज के तलाक की खबरें आने लगी हैं। खबर है कि जय भानुशाली और माही विज अब अपने 14 साल पुराने शादी के रिश्ते को तोड़ना



चाहते हैं। हालांकि, अभी तक इनके तलाक को लेकर कोई कंफर्म रिपोर्ट सामने नहीं आई है, लेकिन सोशल मीडिया पर खबर है कि इन दोनों एक्टर्स ने कोर्ट में तलाक की अर्जी दे दी है। बताया जा रहा है कि जय भानुशाली और माही विज शादी के 14 साल बाद अलग होने के लिए कोर्ट में तलाक की अर्जी दे दी है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, जय और माही ने इसी साल जुलाई-अगस्त महीने में अपने तलाक के पेपर्स पर साइन कर दिए थे। इसके अलावा, दोनों काफी टाइम से अलग-अलग रह रहे हैं। तलाक के साथ-साथ बच्चों की कस्टडी को लेकर भी फैसला हो चुका है। बता दें कि जय भानुशाली और माही विज की शादी साल 2011 में हुई थी।

# छठ पर पवन सिंह के गाने ने मचाया तहलका, 2 दिन में व्यूज मिलियन्स के पार

*छठ का पावन पर्व देशभर में सेलिब्रेट किया जा रहा है, बिहार में इस पर्व का खास महत्व रहता है। भोजपुरी इंडस्ट्री हर साल कई गाने छठ पर्व के मौके पर रिलीज करती है। पवन सिंह ने छठ के मौके पर व्यस्त होने के बावजूद कई गाने बनाए हैं।*

**मुंबई।** हाल ही में आपने 'घाट चलले मोदी नीतीश' सुना और अब उनका एक और गाना यूट्यूब के ट्रेंडिंग लिस्ट में अपनी जगह बना चुका है। 25 अक्टूबर को रिलीज हुए पवन सिंह और प्रियंका सिंह के गाने- 'कवना कलमवाँ से लिखलऽ करमवाँ' को खूब सुना जा रहा है।

गाना यूट्यूब के म्यूजिक कैटेगरी में नंबर 1 पर ट्रेंड हो रहा है। गाने को दो दिन में 3.5 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं। 'कवना कलमवाँ से लिखलऽ करमवाँ' गाने को पवन सिंह के साथ प्रियंका सिंह



ने भी गाया है। गाने के लिरिक्स अरुण बिहारी ने लिखे हैं। म्यूजिक दिया है प्रियांशु सिंह ने। गाने में पवन सिंह के साथ अभिनेत्री वंदना यादव नजर आ रही हैं। गाने को गोल्डी जायसवाल ने डायरेक्ट किया है। वहीं कोरियोग्राफ किया है सनी सोनकर ने।

# खूबसूरती ने चुराया सबका ध्यान

**मुंबई** । कभी-कभी कोई रेड कार्पेट लम्हा सिर्फ़ फैशन तक सीमित नहीं रहता वो बन जाता है एक अभिव्यक्ति, व्यक्तित्व और शांत शक्ति का प्रतीक। ऐसा ही कुछ हुआ जब कशिका कपूर 'पिच टू गेट रिच' की स्क्रीनिंग पर पहुंचीं, जो एक साधारण पापाराज़ी मोमेंट के रूप में शुरू हुआ था, वह कुछ ही पलों में वायरल संसेशन बन गया। फैन्स और मीडिया दोनों उनकी शालीनता और स्वाभाविक आकर्षण से मंत्रमुग्ध रह गए। अब वायरल हो चुके वीडियो में कशिका अपने सिग्नेचर स्टाइल में रेड कार्पेट पर चलती नजर आती हैं वो भी आत्मविश्वास से भरी हुई, लेकिन बिना किसी दिखावे के। न कोई ओवर-ड्रामैटिक अंदाज़, न कोई बनावट,



बस एक शांत आभा, जो बिना कोशिश के ही सबका ध्यान खींच लेती है। इंटरनेट जहां उनके पेस्टल मिंट आउटफिट की तारीफ़ कर रहा था, वहीं यह साफ़ दिख रहा था कि बात सिर्फ़ कपड़ों की नहीं थी बल्कि उनकी मौजूदगी की थी। कशिका ने खुद को उस शख्सियत के रूप में पेश किया, जो जानती हैं कि वो कौन हैं और कहां जा रही हैं।

# काम को घंटों के हिसाब से नहीं देखतीं रश्मिका



**मुंबई।** फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' से जुड़े एक इवेंट में बोलते हुए निर्माता एसकेएन ने काम के घंटों की मांग न करने के लिए रश्मिका मंदाना की तारीफ की। इस दौरान उन्होंने दीपिका पादुकोण के मुद्दे जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब इस बात पर बहस चल रही है कि कितने घंटे काम करना चाहिए, पूरे भारत में केवल एक ही अभिनेत्री है जो जितने घंटे काम करने की जरूरत हो, करने को तैयार है। रश्मिका काम को घंटों के लिहाज से नहीं, बल्कि प्यार से देखती हैं। उनकी प्रतिबद्धता समय की पाबंदी पर है, न कि किसी सीमा पर। यही वजह है कि सभी को लगता है कि रश्मिका परिवार का हिस्सा हैं। रश्मिका के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी हालिया रिलीज 'थामा' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। इसके अलावा वो जल्द ही 'द गर्लफ्रेंड' में नजर आएंगी। साथ ही रश्मिका शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ 'कॉकटेल 2' की भी शूटिंग कर रही हैं। 'द गर्लफ्रेंड' 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

## 1961 में बनी फिल्म 'भैया' में छठ पूजा को बड़े परदे पर जगह दी थी

# छठ पूजा पर 65 साल पहले बनी थी पहली फिल्म, पूरे देश ने जाना पर्व का महत्व

***मुंबई।*** *लोकआस्था के महापर्व छठ को लेकर देश में छठी मैया के गीत गूंज रहे हैं, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। देश छठी माई के गीतों से सुवासित और गुलजार हो उठा है। आज हम आपको उस फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं जो 60 साल पहले, छठ पूजा को बड़े पर्दे पर लेकर आई थी। उस दौर में हिंदी फिल्मों में लोक आस्था और क्षेत्रीय पर्वों को बहुत कम दिखाया जाता था। मगर 1961 में बनी फिल्म 'भैया' ने इस परंपरा को तोड़ा और बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान छठ पूजा को बड़े परदे पर जगह दी। फिल्म में दिखाया गया था कि किस तरह महिलाएं सूर्य भगवान की उपासना करती हैं, सूर्यास्त और सूर्योदय के समय अर्घ्य देती हैं और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए कठोर व्रत रखती हैं। यह पहली बार था जब दर्शकों ने सिनेमा में छठ घाट, पूजा गीत और लोक परंपरा को असली रूप में देखा था।*

### फिल्म ने दिए कई पॉपुलर गीत

फिल्म के जरिए यह संदेश दिया गया कि छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति और सूर्य के प्रति कृतज्ञता का पर्व है। फिल्म 'भैया' ने न सिर्फ एक मनोरंजक कहानी सुनाई, बल्कि भारतीय सिनेमा में छठ पूजा की सांस्कृतिक झलक को हमेशा के लिए दर्ज कर दिया। इसीलिए इसे छठ पूजा को पहली बार परदे पर दिखाने वाली फिल्म कहा जाता है। इस फिल्म के बाद कई फिल्मों और टीवी सीरियलों ने छठ पूजा को अपनी कहानी में शामिल किया। 'भैया' को बिहार-उत्तर प्रदेश के रीजनल लैंग्वेज सिनेमा में महत्वपूर्ण फिल्म माना जाता है। 'लगल करेजवा में', 'पूरब पच्छिमवा से अइलें सोन दुलहा' और 'भंवरवा रहे गूंजराय' जैसे कई पॉपुलर गाने तो इस फिल्म ने दिए ही।



### मंगल गीतों की ध्वनि से बदल जाता है वातावरण

सूर्य की उपासना का पावन पर्व'छठ'अपने धार्मिक, पारंपरिक और लोक महत्व के साथ ही लोकगीतों की वजह से भी जाना जाता है। घाटों पर'छठी मैया की जय, जल्दी जल्दी उगी हे सूरज देव..','कईली बरतिया तोहार हे छठी मैया..''दर्शन दीहीं हे आदित देव..','कौन दिन उगी छई हे दीनानाथ..'जैसे गीत सुनाई पड़ते हैं। मंगल गीतों की ध्वनि से वातावरण श्रद्धा और भक्ति से गुंजायमान हो उठता है। इन गीतों की पारम्परिक धुन इतनी मधुर है की जिसे भोजपुरी बोली समझ में न भी आती हो तो भी गीत सुंदर लगता है।

### हर घर में सुनाई देते हैं छठ के गीत

छठ गीतों के बिना मानो पर्व में रंग ही नहीं आता है। जिन घरों में छठ पर्व का आयोजन किया गया उन घरों से तो गीतों की आवाज आ ही रही है इसके अलावा, जिस रास्ते से गुजरें आपको विभिन्न लोक गायकों की आवाज से सजे ऐसे गीत सुनने को मिल जाएंगे। इन गानों का संयोजन और संकलन छठ महापर्व के लिए ही किया जाता है। छठ गीतों से जुड़ी एक रोचक बात ये है कि ये एक ही लय में गाए जाते हैं ।'छठ पूजा'के लोकगीतों की चर्चा होते ही सबसे पहले दिवंतत शारदा सिन्हा का नाम जेहन में आता है। ऐसे कई गीत हैं, जिन्हें शारदा सिन्हा ने अपनी अपनी मधुर आवाज देकर अमर कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### विभिन्न कार्यक्रमों में सांसद ने की शिरकत

**कटेली।** लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने सारंगढ़ का दौरा किया। जिसमें उन्होंने पहले तो बैगीनडीह में सीताराम पटेल परिवार से भेंट कर ग्रामवासियों को स्वदेशी अपनाने प्रेरित किया। वहीं भाजपा कार्यालय में सेवा निवृत्त डीएफओ बडगैया के साथ सभा को संबोधित करते हुए जीएसटी रिफॉर्म के बारे में बताते हुए कहा की जीएसटी के नए स्वरूप से सभी वर्ग को लाभ हो रहा है। जिससे आम जनता के दैनिक उपयोग की वस्तुएं सस्ती हुई हैं और विलासिता की वस्तुएं ही महंगी हुई हैं तथा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और आत्मनिर्भर बन रहा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष ज्योति पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय, पूर्व विधायक केराबाई मनहर, जगन्नाथ केशवानी, भुवन मिश्रा, सुमंत यादव, दुर्गा ठाकुर, अरुण यादव, गुड्डू, मनोज जायसवाल, अवधेश ठेठवार, हरिनाथ खूंटे सहित भाजपा के नेता व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### जन सुनवाई में समस्याओं का हुआ निराकरण

**राजगांगपुर।** ब्लॉक परिसर में जिला प्रशासन की ओर से संयुक्त जन शिकायत सुनवाई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. शुभंकर महापात्र और एसपी श्रीमती अमृतपाल कौर स्वयं उपस्थित रहीं और आम नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना।
सुनवाई के दौरान 120 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें 30 व्यक्तिगत और 80 सामूहिक शिकायतें शामिल थीं। इनमें से 10 शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता से संबंधित 10 आवेदन भी प्राप्त हुए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी एवं कार्यपालक अधिकारी सुरंजन साहू, राउरकेला वन प्रभाग अधिकारी यशवंत सेठी, सदर उपजिलापाल तेजस्विनी बेहरा सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### एनएसएस शिविर रहा शिक्षाप्रद और मनोरंजक

**पुसौर।** शहीद नंदकुमार पटेल विश्व विद्यालय रायगढ़ से सम्बद्ध अभिनव विद्या मंदिर पुसौर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शाउमावि महलोई में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन पूर्व संध्या के अवसर पर पहुंची। कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शहीद नंद कुमार पटेल, विश्व विद्यालय रायगढ़ प्रोफेसर रवीन्द्र कौर चौबे, सरपंच तरुण कुमार प्रधान, सेवानिवृत्त लेखापाल डगर प्रधान, सेवा निवृत्त शिक्षक जयराम प्रधान, अभिनव शिक्षण समिति पुसौर के अध्यक्ष दिलीप पांडेय कोषाध्यक्ष घनश्याम पटेल, समाजसेवी मनोरंजन साहू, श्रीमती खीर कुमारी डनसेना, महलोई शिक्षण समिति अध्यक्ष फत्तेचंद प्रधान उपसरपंच पंचगण प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी कार्यक्रम अधिकारी विश्वजीत साव सहायक कार्यक्रम अधिकारी सनत कुमार विश्वाल हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम कोडपाली के शिक्षक शिक्षिकाओं बच्चों की उपस्थिति में मां सरस्वती की पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मनोरंजन साहू ने अपने उद्बोधन में विद्या मंदिर की प्रसंशा करते हुए लगातार आठ वर्षों से अनवरत शिविर हेतु धन्यवाद ज्ञापित किए तथा एनएसएस के इतिहास बारे में जानकारी दी।

### कलाकार मंच की नई समिति गठित

**सुंदरगढ़।** स्थानीय संस्कृति भवन में पश्चिम ओड़िशा कलाकार मंच की ओर से नुआखाई भेंटघाट 2025 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगरपालिका चेयरमैन एसटीओ अध्यक्ष, सिने अभिनेता प्रदीप दत्ता, लेखक व गायक दुर्गा माधव पंडा तथा ऑल इंडिया आर्टिस्ट एंड कल्चरल कमेटी के अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।
कार्यक्रम में पश्चिम ओडिशा के 13 जिलों के विभिन्न कलाकारों ने भाग लेकर अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर मंच की नई समिति गठित करने का निर्णय भी लिया गया और विकासमुलक कार्यक्रम को निष्पादन करने का निर्णय लिया गया।

### युवाओं और महिलाओं की जागरूकता से लोगों में जगी आस

# तेलीकोट से शराब बंदी अभियान का आगाज, इसके खिलाफ पूरा गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

शहर से लगे हुए तेलीकोट गांव में आज वह महत्वपूर्ण क्षण आया, जब पूरे गांव ने नशे की जंजीरों को तोड़ने का संकल्प लिया। ग्राम पंचायत तेलीकोट में महिला समिति के द्वारा यादव मोहल्ला में शांति बैठक का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय कच्ची शराब बंदी रहा। यह बैठक पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई। इसके पश्चात महिलाओं ने पूरे ग्राम के विभिन्न मोहल्लों में रैली निकालकर नशा के खिलाफ नारेबाजी की।

युवा पंचायत प्रतिनिधियों से लैस सक्रिय पंचायत के सहयोग और मार्गदर्शन में आयोजित इस जन जागरण सभा में युवाओं, महिलाओं, बुद्धिजीवियों और बुजुर्गों की भारी उपस्थिति रही। उपस्थित जनसमूह ने यह दृढ़ संकल्प लिया कि अब ग्राम तेलीकोट में कच्ची शराब बंदी के लिए लगातार अभियान जारी रहेगा। सभा में उपस्थित युवाओं ने कहा कि नशा के सेवन से समाज की जड़ें खोखली हो जाती हैं। शराब से व्यक्ति का स्वास्थ्य तो खराब होता ही है, परिवार की खुशियों, बच्चों की शिक्षा और गांव की शांति को भी शराब की लत लील जाती है। शराब के कारण कई नई



समस्याएं पैदा होती है। एक नशेड़ी पिता अपने बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करता है। हमें इस सामाजिक बुराई को जड़ से उखाड़ना ही होगा। महिलाओं की सक्रियता इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत बनी। गांव की महिलाओं ने घर घर जाकर लोगों से नशा छोड़ने की अपील करने का संकल्प लिया। सक्रिय महिलाओं ने एक स्वर में कहा किए हमने बहुत सहा है लेकिन अब नहीं। जब तक गांव का हर घर नशामुक्त नहीं होगा, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। हमारी बेटियों और बच्चों का भविष्य अब शराब की बोतल में नहीं डूबेगा। शराब बनाने, बेचने व पीने के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत की सरपंच आरती मोनू, उप सरपंच आगास गणपत दास महंत, बीडीसी धनंजय बायल डीडीसी बलदेव कुर्रे, अरविंद बंजारे, युवराज बंजारे, अरूण कुर्रे, दिलीप महीष सहित समस्त पंचगण व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

#### शराब नहीं शिक्षा और एकता में ताकत

बैठक में युवाओं ने जागरूकता की मिसाल दिखाई जिसकी सर्वत्र सराहना हो रही है। ग्राम के युवा पंचायत प्रतिनिधि ने कहा किए हम युवाओं को यह समझना होगा कि असली ताकत हाथों में शराब की बोतल नहीं, बल्कि शिक्षा और एकता में है। गांव तभी आगे बढ़ेगा, जब हर युवा अपनी जिम्मेदारी समझेगा। शराब का अभिशाप पूरे गांव को ले डूबेगा। हमें आने वाले अपने बच्चों की भविष्य का ख्याल रखना ही होगा और किसी भी तरह शराब बनाने, बेचने व पीने को प्रतिबंधित करना होगा। इस बैठक में पंचायत की बड़ी भूमिका रही। ग्राम सरपंच ने सबकी इच्छा व सहयोग से शराबबंदी के संकल्प को दोहराया। सरपंच प्रतिनिधि ने कहा किए पंचायत का उद्देश्य विकास कार्य के अलावा सामाजिक परिवर्तन लाना भी है। हमने यह तय किया है कि ग्राम पंचायत की बैठकों में अब कच्ची शराब बंदी पर विशेष चर्चा होगी। पंचायत इस अभियान को निरंतर जारी रखेगा। बैठक में शिक्षा पर भी रौशनी डाली गई व हर नागरिक ने माना कि शिक्षा ही वह प्रकाश है जो अंधकार को मिटा सकती है। नशे का अंधेरा तभी खत्म होगा जब हर बच्चा शिक्षित और हर युवा सचेत होगा। नशामुक्त तेलीकोट का सपना अब गांव की नई पहचान बन चुका है।



## कलस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 2025 का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जवाहर नायक ने 28 अक्टूबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साल्हेओना के खेल मैदान में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि की आसंदी से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जवाहर नायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हो रहा है।

उन्होंने कहा कि खेल को बढ़ावा देने तथा गांव मोहल्ले के पंगडंडियों पर खेलने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के प्रयास किए जा रहे हैं जिसका उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को गांव से राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाना है। खेल महोत्सव के मुख्य अतिथि अजय जवाहर नायक, विशिष्ट अतिथि चूड़ामणि पटेल, राधामोहन पाणिग्राही, अध्यक्ष स्थानीय सरपंच श्रीमती मदन कुमारी शौकीलाल सहिस और अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मुरलीधर पटेल, जयरतन पटेल, ईश्वर साहू, बिलाईगढ़ सरपंच भुवन मालाकार, बरगांव सरपंच हितेश मालाकार, छेवारीपाली सरपंच अरूण सिदार, उपसरपंच साल्हेओना प्रदीप पटेल, जयप्रकाश पटेल, नंदलाल पटेल, टीकाराम चौधरी, श्रीमती चंचला चौधरी, महिला स्व सहायता समूह के पदाधिकारी ग्राम पंचायतों के सचिव गण, शिक्षक-शिक्षिका,प्रतिभागी गण एवं भारी संख्या में दर्शक ग्रामीणजन की उपस्थिति रही।

#### छेवारीपाली की टीम ने की जीत दर्ज

कबड्डी प्रतियोगिता में पहला मैच ग्राम छेवारीपाली और बिलाईगढ़(अ) के मध्य खेला गया। दोनों ही टीमों की प्रतिभागी खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया लिहाजा मैच टाई हो गया जिसके उपरांत पुनः कराया गया जिसमें ग्राम छेवारीपाली की टीम ने बिलाईगढ (अ) को 03 अंकों से परास्त कर विजय हासिल किया।

#### तीन चरणों में होंगे प्रतियोगिता

यह प्रतियोगिता तीन चरणों में कलस्टर, जोन फिर विकासखण्ड स्तरीय आयोजित होंगे। प्रथम चरण में साल्हेओना कलस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में कुल नौ ग्राम पंचायतें क्रमशः साल्हेओना, गोबरसिंहा, मानिकपुर (बड़े), छेवारीपाली, बरगांव, बिलाईगढ़ (अ), कटंगपाली (अ), नौघटा एवं मारोदरहा शामिल है। सांसद खेल महोत्सव 2025 में दस प्रकार का खेल आयोजित होंगे। जिसमें एकल विधा अंतर्गत 100 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद,गेड़ी दौड़, फुगड़ी, बैडमिंटन होंगे तो वहीं दलीय विधा में खो-खो, कबड्डी, बालीबाल और रस्साकसी शामिल है।

## छाल क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया छठ पर्व

**कुड़ेकेला।** छाल क्षेत्र में छठ पूजा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। छठ पूजा एक महत्वपूर्ण हिंदू पर्व है। यह पर्व सूर्य देव को समर्पित है। धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से इस पर्व की काफी महत्ता है। यह पर्व कार्तिक मास के छठवें दिन मनाया जाता है। रायगढ़ जिले के छाल एवं कुड़ेकेला क्षेत्र में भी छठ पूजन कर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया गया। इस



अवसर पर व्रतियों द्वारा खरना प्रसाद ग्रहण और वितरण किया गया। छाल में डूबते सूर्य को अर्घ देकर आज उगते सूर्य को अर्घ देने के बाद तीन दिन का छठ पूजा का समापन किया जाएगा। छठ महा पर्व में व्रतियों पहले डूबते सूर्य को अर्घ अर्पित उगते सूर्य को भोर में अर्घ्य यानी दूध अर्पित कर पूजा विधि का समापन हुआ। बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश का लोकप्रिय पर्व है छठ पूजाछठ पूजा बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में बेहद खास और लोकप्रिय पर्व है।

### फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**राउरकेला।** चावल चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपी सागर प्रधान आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ गया। 29 वर्षीय सागर प्रधान, पिता सिकुमार प्रधान, निवासी राजीव बस्ती, रघुनाथपाली थाना क्षेत्र को पूर्व में 23 अक्टूबर को आरपीएफ पोस्ट राउरकेला में दर्ज मामले के तहत पकड़ा गया था। 24 अक्टूबर को इलाज के दौरान आरोपी आरजीएच अस्पताल से पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था। उसकी पुनः गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में 26-27 अक्टूबर की रात आरपीएफ और रघुनाथपाली थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने पानपोष बस्ती में छापेमारी कर उसे दबोच लिया।

## सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर सवार ग्रामीण की मौत, दो बाल-बाल बचे

**सरिया।** तेज एवं लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चलाते हुए मकान निर्माण की सामग्री लेकर गांव जा रहा ट्रैक्टर दुर्घटना होने पर ट्रैक्टर में सवार ग्रामीण की मौका पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर चालक एवं एक अन्य ग्रामीण बाल बाल बचे। घटना मंगलवार सुबह 12 की है। घटना के बाद पुलिस ने घटनास्थल से शव को निकाल कर पीएम के लिए भेज दिया है। सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत होने पर गांव में मातम व्याप्त है।

सरिया परसरामपुर मार्ग पर मंगलवार सुबह 12 बजे ट्रैक्टर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चलाते हुए गांव की ओर जा रहा था। इसी बीच सरिया परसरामपुर बिजली सब स्टेशन के



पास सड़क किनारे खाई में ट्रैक्टर गिर गई। और ट्राली पलट गई। ट्रैक्टर में ग्राम सुरसी निवासी व प्रतिष्ठित नागरिक प्रताप साहू स्वयं अपने घर निर्माण के लिए सरिया से सीमेंट व सरिया लोहा एवं अन्य सामग्री खरीद कर ले जा रहा था। इसी दौरान विद्युत सब स्टेशन के पास ट्रैक्टर दुर्घटना हो गई। जिसमें प्रताप साहू 55 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर चालक एवं एक अन्य व्यक्ति ट्रैक्टर से कूद कर जान बचायी। घटना के बाद सरिया परसरामपुर रायगढ़ मार्ग पर लोगों की भीड़ लग गई। घटना की जानकारी पुलिस को होने पर वे तत्काल घटनास्थल पहुंची और ट्रैक्टर के नीचे दबे प्रताप साहू ग्रामीण को बाहर निकाल और आगे की कार्रवाई हेतु बरमकेला रेफर किया गया। बताया जाता है कि ग्राम सुरसी में भागवत कथा का आयोजन हो रहा है और बुधवार को भागवत कथा विराम होगा। इस बीच गांव के प्रतिष्ठित नागरिक प्रताप साहू का सड़क दुर्घटना में मौत होने पर गांव में मातम पसरा है।

### अधिकारी-कर्मचारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ

**रायगढ़।** 27 अक्टूबर से 02 नवंबर तक सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर में सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा की शपथ ली। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई। संयुक्त कलेक्टर ने कहा कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। इसके उन्मूलन के लिए सरकार, नागरिकों और निजी क्षेत्र सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहते हुए ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध रहना चाहिए।

## विधानसभा स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

**धरमजयगढ़।** विधानसभा स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सांसद निवास छर्राटांगर में रखी गई थी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अरुणधर दीवान ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार को दो वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और हमारी संगठन को एक लगभग वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। हमारी सांगठनिक ढांचा को हमें दुरुस्त करने की आवश्यकता है।

पंचपरमेश्वर, त्रिदेव, मंडल पदाधिकारी और पूरी कार्य समिति में आपसी सामंजस्य तालमेल बनाकर रखने की जवाबदारी मंडल अध्यक्षों की है। किस मतदान केन्द्र पर हमारा प्रदर्शन कैसे रहा इसकी समीक्षा करते हुए वहा कैसे हमें और अच्छा सफलता कैसे मिलेगी इसकी चिंता हम सबको करने की आवश्यकता है। भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन, 35 किलो प्रति माह मुफ्त में चावल, किसान सम्मान निधि को जनता को बताने का कार्य करने की जवाबदारी मंडल अध्यक्षों की है। अपने अपने मंडलों में कोर कमेटी गठित कर किसी भी निर्णय को सामूहिक करने का कार्य मंडल अध्यक्षों को करना है। पिछले दिनों मंडलों में आयोजित कार्यक्रमों के लिए मंडल अध्यक्षों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आगामी कार्यक्रमों को भी और अच्छे ढंग से करने की बात जिला अध्यक्ष ने कही। वही हाल ही में चुनाव आयोग द्वारा आयोजित बूथ लेवल एजेंटों के प्रशिक्षण में



कम उपस्थिति को लेकर चिंता जाहिर की। मुख्य अतिथि और सांसद राधेश्याम राठिया ने समिति को सदस्यों को संबोधित करते हुए सभी को धनतेरस दीपावली की बधाई दी और यह एक तरह से दीपावली मिलन समारोह भी है। सभी की व्यस्तता है इसके बावजूद आप सब पार्टी के कार्यों में लगे हैं और निरंतर पार्टी के जनाधार को बढ़ाने में लगे हैं। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों को जनता तक पहुंचाने में अहम कड़ी का कार्य कर रहे हैं। जिला भाजपा महामंत्री जतिन साव ने आगामी कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं को रायपुर पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने सबका सौभाग्य बताते हुए कहा कि राज्य के निर्माण और निर्माण के रजत जयंती वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम को भी देखेंगे।

## डॉ.मनीषा को मिला उत्कृष्ट सेवा सम्मान

**रायगढ़।** आत्मनिर्भर संकल्प अभियान से प्रेरित होकर आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम सम्मान समारोह में राज्यपाल पुरस्कार से अलंकृत शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक डॉ.मनीषा त्रिपाठी को उनकी बहुमुखी प्रतिभा, नवाचार, उत्कृष्ट अध्यापन कार्य सह विद्यालय संचालन, सतत्रुप से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, साहित्य एवं समाज सेवा हेतु उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक, वित्त एवं वाणिज्य कर मंत्री ओमप्रकाश चौधरी ने डॉ.मनीषा त्रिपाठी को स्मृति चिन्ह देकर



सम्मानित किया एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए चांदमारी स्कूल व संकुल का गौरव बताया। इस अवसर पर रायगढ़ नगर पालिक निगम महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष अरुणधर दीवान, भाजपा जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा शोभा शर्मा समस्त वार्ड पार्षद ज्योति यादव, अमित शर्मा, मो. नवाब खान, अन्नू सारथी, महेन्द्र यादव विधि प्रकोष्ठ, अन्य भाजपा पदाधिकारी, सदस्यगण एवं वार्ड वासियों की उपस्थिति रही। डॉ.मनीषा त्रिपाठी को अनेकों सम्मान जिसमें मुख्यतः गुरु सम्मान, महिला शिखर सम्मान, सद्भावना शिखर सम्मान, आदर्श शिक्षक सम्मान, नारी शक्ति सम्मान, मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण एवं राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुई हैं।

## धान की अवैध आवक को रोकने लगा बेरियर

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र में समीपस्थ राज्य ओडिशा से आ रहे अवैध धान को रोकने लारा, रेंगालपाली, तथा बिंजकोट में बेरियर लगाया गया है। यहां 3 शिफ्ट में में एक शासकीय कर्मचारी के साथ 2 कोटवार की ड्यूटी लगाई गई है। पूर्व में इस तरह के ड्यूटी में एक पटवारी अथवा कृषि विभाग के लोग शामिल होते थे, लेकिन इस वर्ष केवल एक पंचायत सचिव या रोजगार सहायक के साथ में आसपास के दो कोटवार इस काम को अंजाम रहे हैं। रेंगालपाली बेरियर



में धान के आवक पर लगातार कार्रवाई हो रही है जिनके दस्तावेज वैध पाए जाने से उन्हें छोड दिया जा रहा है। आठ घंटे के अपने ड्यूटी में संबंधित कर्मचारी अपने व्यवस्था में समय काटते हैं जिसमें किसी भी प्रकार का शासकीय राहत नहीं होती। बताया जाता है कि इस बीच इन्हें खाने पीने के लाले पड़ जाते है जिसमें ये कभी कभी वहीं खाना बना के खा लेते हैं अथवा एक-एक कर के ये अपने घर से खाना खाकर आ जाते हैं। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि अभी फसल तैयार नहीं हुआ है पुराना घान खपाने की कवायद की जा रही है लेकिन जब फसल तैयार होकर वह मंडी या घरों में पहुंच जायेगा तो खेतों के रास्ते से अवैध धान के आवक को कोई भी रोक नहीं पाएगा।

### सांसद ने तैयारियों के संबंध में ली समीक्षा बैठक

# 12 नवम्बर को जिले में होगा यूनिटी मार्च का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 12 नवम्बर को यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया और राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने सोमवार शाम कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था, जनभागीदारी तथा विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की।

लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को नमन करने और उनकी एकता की भावना को जन जन तक पहुंचाने के लिए रायगढ़ में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सबकी सामूहिक सहभागिता से यह कार्यक्रम भव्य रूप लेगा



और रायगढ़ जिले को एक नई पहचान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सांसद श्री राठिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में युवाओं, सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि यह आयोजन पूरे क्षेत्र की पहचान बन सके। उन्होंने आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए गांव-गांव में मुनादी कराने, दीवार लेखन करने और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समय पर और सुव्यवस्थित तरीके से पूर्ण की जाएँ, ताकि आयोजन सफल, भव्य और प्रेरणादायी बन सके।

सांसद श्री सिंह ने कहा कि इस अवसर पर महापुरुषों के योगदान को स्मरण करने के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के वीर शहीदों के बलिदान और योगदान से लोगों को अवगत कराया जाए, ताकि नई पीढ़ी को उनसे प्रेरणा मिल सके। बैठक में उपस्थित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी कार्यक्रम की रुपरेखा के संबंध में अपने.अपने सुझाव दिए। डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 जयंती के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है।

